1. विनय

हम सब नन्हे-नन्हे बच्चे,
हँसते-गाते, सीधे-सच्चे।
सदा कार्य हम करें महान,
इतनी विनय सुनो भगवान।।

2. चंदा मामा

चंदा मामा जल्दी आओ,
और न हम सबको भरमाओ।
उड़न खटोले पर बैठाकर,
आसमान की सैर कराओ।।



4. प्यारी कोयल

प्यारी-प्यारी कोयल काली,
डोल रही है डाली-डाली।
मीठे स्वर में कूक-कूक कर,
आमों की करती रखवाली।।